Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

# अभ्यास पत्र - 4

**विषय - हिंदी** **कक्षा - आठवीं** **अक्तूबर - 2025**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

पर्यावरण संरक्षण का अर्थ है प्रकृति के उन सभी तत्त्वों – जल, वायु, मृदा, वनस्पति और जीव-जंतुओं की रक्षा करना जिन पर हमारा जीवन निर्भर करता है। बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है जिससे पृथ्वी का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। यदि हम समय रहते सावधान नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु, स्वच्छ जल और हरियाली से वंचित होना पड़ेगा। पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना, प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, जल का संरक्षण करना और स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करना आवश्यक है। सरकार ने भी 'स्वच्छ भारत अभियान' और 'नमामि गंगे' जैसी योजनाओं के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दे क्योंकि स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है।

क) पर्यावरण संरक्षण का क्या अर्थ है?

(i) केवल पेड़ लगाना

(ii) प्रकृति के सभी तत्त्वों की रक्षा करना

(iii) अधिक कारखाने बनाना

(iv) शहरों का विस्तार करना

ख) प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण क्या है?

(i) बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और शहरीकरण

(ii) पेड़ लगाना

(iii) नदी की सफाई

(iv) वर्षा होना

ग) पर्यावरण की रक्षा के लिए क्या-क्या करना चाहिए?

(i) अधिक कचरा फैलाना

(ii) जल का दुरुपयोग करना

(iii) पेड़ लगाना और प्लास्टिक का प्रयोग कम करना

(iv) पशुओं को नुकसान पहुँचाना

घ) पर्यावरण संरक्षण क्यों आवश्यक है?

ङ) इस गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

## व्याकरण

**प्रश्न 2 . नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों का पद-परिचय लिखिए।**

क) <u>राम</u> ने आज बहुत मेहनत करके परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ख) सीता ने बगीचे से फल तोड़कर अपने छोटे भाई को <u>दिए।</u>

ग) बच्चा मैदान में <u>तेजी से</u> दौड़कर अपने मित्रों को पकड़ने की कोशिश कर रहा था।

घ) यह कहानी हमें सच्चाई और <u>ईमानदारी</u> का महत्त्व सिखाती है।

ङ) <u>मोहन</u> अपने मित्रों के साथ विद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता में भाग लेने गया।

## पाठ्यपुस्तक

**प्रश्न 3 सुदामा चरित**

क) सुदामा कौन थे तथा वे कृष्ण के पास क्यों गए थे?

ख) सुदामा किस वेश-भूषा में अपने मित्र श्री कृष्ण के पास गए थे?

ग) कृष्ण ने सुदामा से अपनी पिछली आदत न छोड़ पाने की बात क्यों कही?

घ) श्री कृष्ण ने सुदामा की मदद कैसे की ?

**जहाँ पहियाँ है**

क) फातिमा ने साइकिल चलाने को लेकर क्या बताया?

ख) साइकिल आंदोलन ने महिलाओं के जीवन में क्या बदलाव किए?

ग) पुरुषों ने इस आंदोलन का विरोध क्यों किया?

घ) लेखक ने इस पाठ का नाम 'जहाँ पहिया है' क्यों रखा?

**रचनात्मक लेखन**

**प्रश्न 4 अपने मित्र को विद्यालय की वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर लगभग 60 - 80 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए।**